भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर

# राजभाषा एकक

तोषाली भवन, सत्यनगर, भुवनेश्वर - 751007

फा. सं. – 25-2/2012/रा.भा.ए./ दिनांक : 14.08.2017

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 17वीं बैठक का कार्यवृत्त

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 17वीं बैठक (अवधि : 01जुलाई से 30 सितंबर, 2017) माननीय निदेशक प्रो. आर. वी. राज कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 11.08.2017 को समिति कक्ष, तोषाली भवन, भुवनेश्वर में अपराह्न 03.30 बजे आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य शामिल हुए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो.. आर. वी. राज कुमार, माननीय निदेशक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री देबराज रथ, कुलसचिव (प्र.) | कार्यकारी अध्यक्ष |
| 3. | प्रो. सुजीत रॉय, संकायाध्यक्ष- सं.एवं नि. | सदस्य |
| 4. | डॉ. चंद्रशेखर नारायण भेंडे, विद्युत विज्ञान विद्यापीठ | सदस्य |
| 5. | डॉ. सतीश धनडोले, यांत्रिकी विज्ञान विद्यापीठ | सदस्य |
| 6. | डॉ. विभूति भूषण साहू, उप पुस्तकालयाध्यक्ष | सदस्य |
| 7. | श्री पी. के. साहू, सहायक कुलसचिव(भं.एवं क्र.) | सदस्य |
| 8. | श्री मानस कुमार बेहेरा, सहायक कुलसचिव(अका.) | सदस्य |
| 9. | डॉ. एस. एन. राउतराय, सहायक कुलसचिव(स्था.) | सदस्य |
| 10. | डॉ. राज कुमार सिंह, प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक | सह संयोजक |
| 11. | श्री ओम प्रकाश झा, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक | सदस्य-सचिव |

बैठक की कार्रवाई प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम माननीय अध्यक्ष व निदेशक महोदय ने सभी सदस्यों का स्वागत किया, तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य-सचिव ने प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा के सहयोग से कार्यसूची की मदों पर बिन्दुवार चर्चा प्रारंभ की।

**मद सं. 17.1. गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :** दिनांक 15.06.2017 को संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की आयोजित 16वीं बैठक का कार्यवृत्त समिति के सभी सम्मानीय सदस्यों को प्रेषित किया गया था जिस पर किसी प्रकार के संशोधन या सुधार संबंधी प्रतिक्रिया किसी भी सदस्य से प्राप्त नहीं हुआ अत: समिति ने सर्वसम्मति से इसकी संपुष्टि कर दी।

**मद सं. 17.2. गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई :** पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई से समिति को निम्न प्रकार से अवगत कराया गया :

***16.3 संसदीय राजभाषा समिति की 9वीं रिपोर्ट की संस्तुति पर माननीय राष्ट्रपति के आदेश:*** *निर्णय लिया गया था कि राष्ट्रपति के आदेश का अक्षरश: अनुपालन संस्थान द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में यह भी निर्णय*



देबराज रथ 19/8

*लिया गया था कि संस्थान में हिन्दी अधिकारी के पद का सृजन करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस हेतु कुलसचिव महोदय से अनुरोध किया गया है।*

***16.4 राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017-18 के लिए जारी रिपोर्ट का अनुपालन :*** *इस हेतु सभी अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे लक्ष्य प्राप्ति हेतु अपने स्तर पर समुचित प्रयास करें।*

***16.5 त्रिभाषी/द्विभाषी नाम पट्ट का निर्माण :*** *गत निर्णय लिया गया था कि संस्थान के मुख्य द्वार समेत जहां भी आवश्यक होगा त्रिभाषी/द्विभाषी नाम पट्ट लगाए जाएंगे। इस हेतु अधीक्षण अभियंता से अनुरोध किया गया है तथा वे इसे साकार रूप देने का प्रयत्न कर रहे हैं।*

***16.6 नराकास की वेबसाइट को अपडेट कर ई-पत्रिका के अगले अंक का प्रकाशन :*** *इस संबंध में एनआईसी के कार्यालय से संपर्क किया गया, जिन्होंने इसे अद्यतन करने में असमर्थता व्यक्त की तथा इसका लॉगिन राइट संस्थान को लेने का आग्रह किया। इस दिशा में वेब डेवलपमेंट सहायिका की मदद ली जा रही है।*

*ई-पत्रिका नागरिक के लिए लेख एवं कविताएं आ चुकी हैं जिन्हें अतिशीघ्र संपादन मंडल को भेज दिया जाएगा।*

***16.7. नराकास स्तर पर एक कार्यशाला का आयोजन कर सभी सदस्य कार्यालयों को ऑनलाइन रिपोर्ट भरने संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराना :*** *इस संबंध में आरआईओ कोलकाता कार्यालय से संपर्क स्थापित किया गया है तथा उपनिदेशक (कार्यान्वियन) ने इस संदर्भ में अपनी सहमति दी है। नराकास की अगली बैठक के साथ ही कार्यशाला का आयोजन करने का प्रस्ताव है।*

***16.8. संस्थान की वेबसाइट को अद्यतन कर ई-समाचार के अगले अंक का प्रकाशन :*** *संस्थान की वेबसाइट के अद्यतन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और अब यह दिखने भी लगा। वेबपेज पर दिखने वाले सभी प्रकार की सामग्री द्विभाषी उपलब्ध हैं। ई-समाचार के 16वें अंक का प्रकाशन हो चुका है तथा अगले अंक की सामग्री तैयार कर ली गई है उसे शीघ्र ही प्रकाशित कर दी जाएगी।*

***16.9. संस्थान स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर सभी इच्छुक कार्मिकों को कंप्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करना :*** *संस्थान के राजभाषा एकक की ओर से दिनांक 13.07.2017 को भाषा प्रयोगशाला, तोषाली भवन में उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के बहुतायत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की तथा वे लाभान्वित हुए।*

***16.10 अन्य मद : संस्थान के शैक्षिक कार्मिकों को हिन्दी ज्ञान :*** *इस विषय में समुचित कार्रवाई हो चुकी है। इसे सभी संकायों के एपीएआर में जोड़ दिया गया है जिसका आंकड़ा राजभाषा एकक के पास आना शेष है।*

**मद सं. 17.3. नराकास की अगली बैठक के आयोजन पर चर्चा :** निर्णय लिया गया कि नराकास (के.) भुवनेश्वर की अगली बैठक अरगुल परिसर में आयोजित की जाएगी। 30-31 अगस्त, 2017 को आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन यानी 30 अगस्त, 2017 को अपराह्न 3.30 बजे नराकास की बैठक तथा दूसरे दिन यानी 31 अगस्त, 2017 को सदस्य कार्यालयों को ऑनलाइन रिपोर्ट भरने में आने वाली दिक्कतों को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन। कार्यशाला में बतौर वक्ता श्री निर्मल दुबे, उपनिदेशक(कार्यान्वियन), क्षेत्रीय कार्यान्वियन कार्यालय, कोलकाता को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

**(कार्रवाई : सदस्य सचिव, प्राध्यापक प्रभारी)**

**17.4. पिछली तिमाही की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा :** पिछली तिमाही रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष महोदय ने सभी अधिकारियों से लक्ष्य प्राप्ति हेतु बेहतर प्रयास करने का अनुरोध किया।

**(कार्रवाई : संस्थान के सभी अधिकारी)**

**17.5. ई-समाचार पत्र व नराकास ई-पत्रिका का प्रकाशन :** इस संबंध में समिति को यह जानकारी दी गई कि संस्थान की ओर से ई-समाचर के 16वें अंक (मार्च-अप्रैल, 2017) का प्रकाशन हो चुका है और वह संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राजभाषा एकक की ओर से अगले अंक का प्रकाशन शीघ्र ही किया जाएगा। राजभाषा एकक के इस प्रयास की समिति के सदस्यों ने सराहना की।

नराकास ई-पत्रिका हेतु भी सामग्री का चयन किया जा चुका है और इसे संपादक मंडल को भेजने का निर्णय लिया गया है। इसकी रूप-रेखा निर्माण व साज-सज्जा को लेकर सुश्री सीमा कौशर, वेब डेवलपमेंट असिस्टेंट तथा श्रीमती निवेदिता पटनायक, कनीष्ठ अधीक्षक की मदद लेने पर भी समिति ने अपनी सहमति दी।

**(कार्रवाई : सदस्य सचिव, प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा)**

**17.6. धारा 3(3) के समुचित अनुपालन पर विचार :** धारा 3(3) के अनुपालन पर विस्तृत चर्चा की गई तथा अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से इसके अनुपालना हेतु अनुरोध किया। यह भी निर्णय लिया गया कि संस्थान में धारा 3(3) के अनुलापलन हेतु सभी संबंधित कागजातों को द्विभाषी तौर पर जारी किया जाएगा।

**(कार्रवाई : संस्थान के सभी अधिकारी)**

**17.7. डिस्पैच सेक्शन द्वारा हिन्दी पत्रों (आवक एवं जावक) के सही आंकलन पर विचार :** यह निर्णय लिया गया कि संस्थान के सभी कार्यालय अपने-अपने कार्यालय में सभी आवक और जावक पत्रों का सही आंकलन रखेंगे तथा समय से इसे राजभाषा एकक को उपलब्ध करवाएंगे।

**(कार्रवाई : संस्थान के सभी कार्यालय)**

**17.8. संस्थान के विभिन्न कार्यालयों में हिन्दी में होने वाले कार्य तथा तत्संबंधी त्रैमासिक रिपोर्ट पर चर्चा :** अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्यालय अध्यक्षों से यह अनुरोध किया कि वह अपने यहां होने वाले कार्यों का अधिकाधिक कार्य हिन्दी में करें। इस संबंध में समिति ने यह भी निर्णय लिया कि जो कर्मचारी हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं उन्हें इसका विशेष ध्यान रखना होगा और हिन्दी कार्य में बढ़ोतरी को लेकर उन्हें प्रयास करना होगा। साथ ही ये भी निर्णय लिया गया कि एक ऑनलाइन पोर्टल का निर्माण कराया जाए जहां सभी कार्यालय अपने यहां हुए हिन्दी कार्यों का त्रैमासिक ब्यौरा ऑनलाइन भर सकें, इस हेतु सिस्टम इंजीनियर की मदद लेने का समिति ने निर्देश दिया।

**(कार्रवाई : संस्थान के सभी कार्यालय, सिस्टम इंजीनियर)**

**17.9. हिन्दी दिवस/पखवाड़ा के आयोजन हेतु विचार-विमर्श व कार्यक्रमों/पुरस्कारों का निर्धारण :** समिति ने हिन्दी पखवाड़ा (दिनांक 01-14 सितंबर, 2017) के आयोजन पर सहमति दी तथा इस दौरान कुल सात प्रकार के प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना की। इस संबंध में समिति से यह सुझाव आया कि चूंकि, 05 सितंबर को शिक्षक दिवस है अत: उसके कार्यक्रमों को भी इसमें समाहित किया जाए और वृहद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। माननीय अध्यक्ष महोदय ने इन कार्यक्रमों में जिमखाना को भी शामिल करने का निर्देश दिया ताकि छात्रों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय ने यह भी निर्देश दिया कि श्री ओम प्रकाश झा को जिमखाना से जोड़ा जाए ताकि छात्रों की ओर से आयोजित होने वाले विभिन्न कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

**(कार्रवाई : सदस्य सचिव, प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा, अध्यक्ष जिमखाना)**

देवराज रथ
1/8

**17.10. माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद** : इसके तहत अध्यक्ष महोदय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नराकास की वेबसाइट को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने दिया जाएगा और इस हेतु नव नियुक्त सिस्टम इंजीनियर व अन्य कुशल कार्मिकों का सहयोग लिया जाएगा। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी योजना के अंतर्गत नराकास की वेबसाइट को आईआईटी भुवनेश्वर द्वारा विकसित व रखरखाव किया जाएगा।

**(कार्रवाई : प्राध्यापक प्रभारी राजभाषा, सदस्य सचिव, सिस्टम इंजीनियर)**

इसके अतिरिक्त किभी सदस्य से कोई विचार प्राप्त नहीं हुआ और अंत में डॉ. राज कुमार सिंह, प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक ने बैठक में शामिल होने के लिए सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें छन्यवाद ज्ञापित किया और बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

(ओम प्रकाश झा)
कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक एवं
सदस्य सचिव, राकास

19/8/17
(देबराज रथ)
कुलसचिव (प्र.) एवं
कार्यकारी अध्यक्ष, राकास